

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

**• क्या राजस्थान में सब ठीक है?**

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि राजस्थान में सब कुछ ठीक नहीं है। केंद्रीय नेतृत्व अब सभी घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रख रहा है।

**• लाहौल और स्पीतिः सभी प्रमुख प्रशासनिक पदों पर महिलाएं**

हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति में महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण देखने को मिलता है। मंडी लोकसभा क्षेत्र से कंगना रनौत सांसद हैं, जिसके अंतर्गत जिला और लाहौल और स्पीति विधानसभा क्षेत्र आता है, जबकि अनुराधा राणा स्थानीय विधायक हैं। 2017 बैच की आईएएस अधिकारी किरण भड़ाना को इस सुदूर आदिवासी जिले की पहली महिला डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया गया है। आईपीएस अफरोज वर्तमान में एसपी हैं, आकांक्षा शर्मा सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट हैं, शिखा सिमिटिया अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर हैं और वीना देवी जिला परिषद प्रमुख हैं।

## प्रशासनिक



**• अनुराग गुप्ता झारखंड का डीजीपी नियुक्त**

झारखंड कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को झारखंड का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है।

**• कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक का कार्यकाल बढ़ाया**

कर्नाटक सरकार ने पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (डीजीपी-आईजीपी) डॉ. आलोक मोहन का कार्यकाल 21 मई तक बढ़ा दिया है। सेवा मानदंडों के अनुसार, डॉ. आलोक मोहन को 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होना था। हालांकि, राज्य पुलिस प्रमुख के लिए दो साल का निश्चित कार्यकाल अनिवार्य करने वाले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का हवाला देते हुए सरकार ने उनका कार्यकाल 21 मई तक बढ़ाने का फैसला किया।

**• यूपीएससी अध्यक्ष प्रीति सूदन सेवानिवृत्त**

यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन 29 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गई। वह एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी थीं। यूपीएससी बिना मुखिया के है

**• तीन दिनों से यूपीएससी बिना प्रमुख के**



क्या लेफ्टिनेंट जनरल शुक्ला अगले यूपीएससी प्रमुख नियुक्त किए जाएंगे? सरकार यूपीएससी के नए प्रमुख की नियुक्ति के आदेश जारी कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक सबसे वरिष्ठ सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला को नया अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है

**• देवेन भारती मुंबई के नए पुलिस आयुक्त नियुक्त**



वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी देवेन भारती को मुंबई पुलिस का नया कमिश्नर नियुक्त किया गया है। भारती वर्तमान पुलिस कमिश्नर विवेक फनसालकर की जगह लेंगे, जो 35 साल तक पुलिस बल में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। देवेन भारती महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते के भी प्रमुख रह चुके हैं। मुंबई पुलिस कमिश्नर का प्रतिष्ठित पद परंपरागत रूप से एडीजीपी रैंक का होता है, लेकिन हाल ही में कुछ पोस्टिंग में इसे डीजी रैंक में अपग्रेड किया गया था।

**• तेलंगाना लंबे समय से पूर्णकालिक डीजीपी का इंतजार कर रहा**

तेलंगाना में, दिसंबर 2023 में वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के बाद से, कोई पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्त नहीं किया गया है। तब से इस भूमिका में सेवारत सभी अधिकारियों ने प्रभारी या अतिरिक्त प्रभार वाले पदों पर कार्य किया है। अंतिम पूर्णकालिक डीजीपी एम महेंद्र रेड्डी थे, जिन्हें पिछली बीआरएस सरकार ने 2018 में नियुक्त किया था और जो दिसंबर 2022 तक कार्यरत रहे। रेड्डी की सेवानिवृत्ति के बाद, अंजनी कुमार, रवि गुप्ता और जितेंद्र सहित अधिकारियों को डीजीपी (समन्वय) के रूप में डीजीपी (एचओपीएफ) के अतिरिक्त प्रभार के साथ तैनात किया गया था, लेकिन कोई स्थायी नियुक्ति नहीं की गई है।

**• क्या सरकार की नजर में शीर्ष आईपीएस अधिकारी हैं?**

गैलरी गॉसिप के अनुसार एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी कथित तौर पर सरकार के रडार पर हैं। कयासबाजी का खेल जारी है।

**• यूपी में आईपीएस अफसरों का तबादला**

उत्तर प्रदेश में आईपीएस अधिकारियों का बड़ा फेरबदल होने वाला है और एडीजीपी, आईजीपी से लेकर डीआईजी और एसपी तक एक दर्जन से अधिक अधिकारियों को बदला जा सकता है; अप्रैल में चार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के बाद यह जरूरी हो गया है।

**• एस चैतन्य एनपीए के उप निदेशक के रूप में पदोन्नत**

एनपीए के सहायक निदेशक एस चैतन्य को एनपीए के उप निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। वह महाराष्ट्र कैडर के 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

**• एसपी येल्लासिरी एनपीए के उप निदेशक के रूप में पदोन्नत**

सहायक निदेशक, एनपीए को उप निदेशक, एनपीए के पद पर पदोन्नत किया गया है। वह सिक्किम कैडर के 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

**• सुनील कुमार वर्मा मूल कैडर में वापस लौटे**

दूरसंचार विभाग के संयुक्त सचिव सुनील कुमार वर्मा को व्यक्तिगत आधार पर उनके मूल कैडर में समय से पहले वापस भेज दिया गया है। वह 1995 बैच के आईआरएसएसई अधिकारी हैं।

**• छत्तीसगढ़ में चार आईएएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी**

सुश्री रीना बाबा साहब कंगाले को सचिव, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, एस प्रकाश को सचिव, संसदीय कार्य तथा यशवंत कुमार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके अलावा श्याम लाल धावड़े को सचिव, ग्रामीण उद्योग नियुक्त किया गया है।

**•बीपीआरएंडडी में दो अधिकारियों का तबादला**

अनिल किशोर को एनपीए एवं एसपीडी में स्थानांतरित किया गया है तथा सुश्री छाया शर्मा को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) में प्रशिक्षण, सीवीओ एवं सीएपीटी, भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# ग्लोबल रैंकिंग हासिल करने की कार्ययोजना बनाए गोरखपुर विश्वविद्यालय : योगी

गोरखपुर।

**मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अपनी 75 वर्ष की शानदार यात्रा का मूल्यांकन करते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय को अब शताब्दी वर्ष अर्थात आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना बनानी चाहिए। इस कार्ययोजना में उन बातों का जरूर ध्यान रखना होगा जिससे हमारा विश्वविद्यालय अच्छी ग्लोबल रैंकिंग वाले विश्वविद्यालय के रूप में अपनी पहचान वैश्विक बना सके।**



सीएम योगी बुधवार अपराह्न दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। मुख्य ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि एक मई 1950 को स्थापित इस विश्वविद्यालय की 75 वर्ष की यात्रा के विराम के बाद कल एक मई से अमृतकाल की यात्रा शुरू होगी। शताब्दी महोत्सव में गोरखपुर विश्वविद्यालय कहां होगा, इसकी कार्ययोजना आगामी छह माह से एक साल के भीतर बना लेनी होगी। और, फिर बिना रुके, बिना डिगे उस कार्ययोजना पर प्रयास करने की जरूरत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा निश्चित ही विश्वविद्यालय ने अपनी अब तक की यात्रा में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन अब अच्छी और उल्लेखनीय ग्लोबल रैंकिंग हासिल करने की दिशा में बढ़ने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की आगामी कार्ययोजना में सरकार हर संभव सहयोग करने को तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना में विश्वविद्यालय को विशिष्टता के क्षेत्र में प्रयास करने चाहिए। इस दौरान ढेर सारे अवसर आएंगे। उन अवसरों को अपने अनुरूप जोड़ना और सामयिक निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति या संस्था के लिए प्रत्येक क्षेत्र में आगे होना संभव नहीं है। इसलिए कोई एक ऐसा क्षेत्र चुना जाना चाहिए जिसमें कुछ विशिष्टता प्राप्त हो सके और उससे नई पहचान मिल सके। सीएम योगी ने कहा कि 75 वर्ष की यात्रा विश्वविद्यालय की स्थापना और इसकी प्रगति में योगदान देने वाले विभूतियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी अवसर है। भारतीय ज्ञान परम्परा को संहिताबद्ध करने वाले वेद व्यास का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए गुरु पूर्णिमा पर्व की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि आजाद भारत का पहला विश्वविद्यालय गोरखपुर में स्थापित हुआ। तब संसाधन नहीं थे, कनेक्टिविटी भी नहीं थी इसके बावजूद कुछ मानिंद लोगों ने विश्वविद्यालय की स्थापना का कार्य संभव कर दिखाया। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अपने दो डिग्री कॉलेज देने वाले महंत दिग्विजयनाथ, कल्याण के संपादक भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार, सरदार सुरेंद्र सिंह मजीठिया, तत्कालीन जिलाधिकारी सुरति नारायण मणि त्रिपाठी, मधुसूदन दास डॉ. एनके लाहिड़ी, पीसी चाको, पहले कुलपति प्रो. बीएन झा के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी।

# मोदी ने देश की राजनीति के समीकरणों को बदलाः केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ।

**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जातिगत जनगणना कराये जाने के फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि दशकों तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस के शाही परिवार के पास एक दशक पहले तक डॉ. मनमोहन सरकार का रिमोट कंट्रोल हाथ में था और वह जातिगत जनगणना कराकर उपेक्षित पिछड़ों के साथ न्याय कर सकता था।**



लेकिन तब बतौर सांसद राहुल गांधी दुनिया भर में घूमने के अलावा और कोई काम नहीं करते थे। उनके घूमने का संसद के पास कोई रिकार्ड तक नहीं होता था। जबकि प्रोटोकॉल के तहत यह जरूरी था। प्रधानमंत्री बनने से पहले जब नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव 2014 के पहले हुंकार भरी कि उनका ताल्लुक पिछड़ा वर्ग से है और फिर प्रधानमंत्री बनकर उन्होंने राम और रोटी के बीच सेतु बनकर देश की राजनीति के तमाम समीकरणों को बदल कर रख दिया, तब कांग्रेस की तंद्रा टूटी और रात-दिन पिछड़ा-पिछड़ा का राग अलापने लगी। जातिगत जनगणना जैसा महती काम भी पीएम मोदी के हाथों होना था। कांग्रेस और उसके साथी दलों की राजनीति जहां खत्म होती है, नरेंद्र मोदी की राजनीति वहां से शुरू होती है। यह हुनर वह कई बार दिखा चुके हैं।

## देश की जरूरत है एक राष्ट्र एक चुनाव : त्रिपाठी

बलिया।

**भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज एक राष्ट्र एक चुनाव बिल्कुल जरूरी है। आज लगभग सभी बड़े राजनीतिक दल चाहते हैं कि देश में एक राष्ट्र एक चुनाव लागू हो, लेकिन निजी स्वार्थ में कुछेक राज परिवारों को ये रास नहीं आ रहा है।**

यह बातें बुधवार को टाउन हाल में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग समागम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि आज देश की 71 प्रतिशत आबादी भाजपा शासित राज्यों में निवास करती है और सभी जगह इस कानून को समर्थन है। ऐसे में सरकार जब चाहे इस कानून को लागू कर सकती है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच है कि जब तक जनमानस इसके लिए जागृत नहीं होगा तब तक इसकी सार्थकता सिद्ध नहीं होगी। ऐसे में प्रबुद्ध वर्ग की यह जिम्मेदारी है कि वह आगे आएं और लोगों को इसकी सार्थकता को बताएं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के साथ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्य सभा सांसद नीरज शेखर, चेयरमैन संत कुमार गुप्ता, मिठाई लाल व पूर्व मंत्री नारद राय आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। स्वागत भाषण में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि देशहित में एक राष्ट्र एक चुनाव बिल्कुल जरूरी है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था सबसे सुंदर है और इसे और विकसित बनाने के लिए यह कानून समय की मांग है।

गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लक्ष्मन सिंह ने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद चुनाव का खर्च बिल्कुल ही कम हो जाएगा जिससे देश की आर्थिकी को बल मिलेगा। कहा आज देश में जो चुनाव हो रहा उसमें प्रति वर्ष 1400 रुपए का खर्च आता है। आभार व्यक्त जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने किया। इस दौरान सभी ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के प्रति दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया। संचालन डा.धर्मेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र यादव, विजय बहादुर सिंह, पूर्व प्रमुख गुड्डू राय, रवि राय, छट्ठू राम, अरुण सिंह बंटू आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनीं फरियाद

वाराणसी।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने गुरुवार पूर्वाह्न कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही मोबाइल पर वार्ता की और समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि केवल समाधान ही नहीं, बल्कि फरियादियों को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी मंशा के अनुरूप कार्य करें और जनसुनवाई में प्राप्त समस्याओं का शीघ्र व प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक शिकायतें सामने आईं, जिनके समाधान के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अफसरों को निर्देशित किया।

# डंपर ट्रक व बोलेरो में टक्कर दो की मौत, पांच गंभीर घायल

**बाराबंकी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के दल सराय गांव के पास हुआ यह सड़क हादसा**

बाराबंकी।

**रामनगर थाना क्षेत्र के दलसराय गांव के पास सुबह 5ः00 बजे डंफर ट्रक ने सामने से आ रही बोलोरो में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दो की मौके पर मौत हो गई वहीं पांच गंभीर घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा सीएचसी राम नगर ले जाया गया। जहां घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए सीएचसी के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।**

डंफर ट्रक व बोलोरो की टक्कर इतनी तेज थी कि डंफर ट्रक करीब दो सौ मीटर दूर स्थित एक दुकान से टकरा गया जिससे दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई व बोलोरो गाड़ी भी करीब 300 मीटर दूर जा गिरी।

जनपद बहराइच के थाना रिसिया ग्राम आलिया बुलबुल निवासिनी सुनैना अंसारी परिवार के साथ अपने पति तुफैल अहमद को बोलेरो से एयरपोर्ट लखनऊ लेने जा रही थी। दलसराय के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंफर ने बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते बोलेरो पर सवार चालक जमीन अली( 45 )व सुमैया पत्नी तुफैल( 26) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मोहम्मद अली पुत्र( 55) साजिदा ( 50) साहिल अंसारी ( 6) और रिहान( 18) गंभीर घायल हो गए। साथ ही डंफर खलासी कमलेश ( 25)निवासी रामपुर खरगी थाना रामनगर गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चार की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वही 6 वर्षीय साहिल का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर जारी है। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बहुत बुरा हाल है।कोतवाल अनिल पांडे ने बताया कि सभी घायलों का इलाज चल रहा है।जिसमें अभी भी कुछ की हालत गंभीर है। डंपर ट्रक बोलेरो को कब्जे में ले लिया गया है। लिखा पढ़ी कर कार्रवाई की जा रही हैं।

## अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगीः ममता

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों की मदद करने वाले किसी भी व्यक्ति – चाहे वह स्थानीय प्रतिनिधि हो या प्रशासनिक अधिकारी – के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसे बख्शा नहीं जाएगा। कोलकाता के केंद्रीय व्यापारिक जिले बुर्राबाजार के होटल का दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने पुलिस, कोलकाता नगर निगम और फायर ब्रिगेड को सभी जिम्मेदार लोगों से कहा है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह स्थानीय प्रतिनिधि हो या प्रशासनिक अधिकारी। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सरकार को जरांगे की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिएः पंकजा मुंडे

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे ने गुरुवार को कहा कि सरकार को मराठा आरक्षण आंदोलनकारी मनोज जरांगे की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

जालना में महाराष्ट्र दिवस के आधिकारिक कार्यक्रम के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता पत्रकारों से बात कर रही थी। मराठा समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण दिए जाने की मांग पर जोर देने के लिए जरांगे ने 29 अगस्त से फिर नए सिरे से भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। मुंडे ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकार को जरांगे की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए। जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं, उन्हें (मराठा समुदाय को) कानूनी दायरे में न्याय मिलना चाहिए।

अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के केंद्र सरकार के फैसले के बारे में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) नेता ने कहा कि मैं नरेन्द्र मोदी सरकार को कई बार धन्यवाद और बधाई दूंगी, क्योंकि इस फैसले का लंबे समय से इंतजार था।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मैं, भुवन देवी पति श्री रत्ती लाल हैं निवासी-ग्राम लिधौराताल, तहसील जतारा, पोस्ट सगरवारा, जिला टीकमगढ, म.प्र. है एवं मेरा वास्तविक नाम भुवन देवी है जबकि आधार में त्रुटिवश भूमानी बाई वर्मा पति रत्तीराम वर्मा अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम भुवन देवी पति श्री रत्ती लाल हैं जिसे मैं आधार कार्ड में वास्तविक/सही नाम भुवन देवी पति श्री रत्ती लाल अंकित करवाना चाहती हूं। अतः सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरा सही नाम भुवन देवी पति श्री रत्ती लाल हैं मुझे मेरे सही नाम भुवन देवी पति श्री रत्ती लाल के नाम से ही जाना पहचाना जाएगा।

**भुवन देवी पति श्री रत्ती लाल**
**निवासी ग्राम लिधौराताल, तहसील जतारा, पोस्ट सगरवारा, जिला टीकमगढ, म.प्र.**

321

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं अमित मिश्रा पुत्र श्री राजेश कुमार मिश्रा, निवासी म.नं. 65, नेशनल हाइवे 27, ग्राम घूमा, पोस्ट कटरा, तहसील-त्योंथर, जिला रीवा म.प्र.। यह कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश आकाश मिश्रा (AKASH MISHRA) नाम दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं जन्म प्रमाण पत्र में अमित मिश्रा (AMIT MISHRA) पुत्र श्री राजेश कुमार मिश्रा दर्ज है, जो कि सही है। अतः राजपत्र प्रकाशन उपरांत भविष्य में मेरे सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय/ व्यक्तिगत कार्यवाही एवं समस्त दस्तावेजों में मुझे अमित मिश्रा (AMIT MISHRA) पुत्र श्री राजेश कुमार मिश्रा के नाम से जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा जावे।

**पुराना नाम**-आकाश मिश्रा (AKASH MISHRA) पुत्र श्री राजेश कुमार मिश्रा
**नया नाम**-अमित मिश्रा (AMIT MISHRA) पुत्र श्री राजेश कुमार मिश्रा

320

### जाहिर सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, मेरे पक्षकार ने भूमि का विक्रय कर लिया है जिसका खसरा क्रमांक-753, 754, 764, 765 कुल 0.676 हेक्टयर में से 1 एकड़, ग्राम भौंरी वार्ड नं.-3, तहसील हुजूर, जिला भोपाल जो पुरुषोत्तम शर्मा आ. जगदीश प्रसाद, निवासी भौंरी, भोपाल के नाम से दर्ज है, जिसकी दिशाएं पूरब में-विक्रेता भूमि, पश्चिम में-रोड, उत्तर में-विक्रेता की भूमि, दक्षिण सुनिल जाट की भूमि है, भूमि की संपूर्ण राशि चैक/नगद द्वारा दी जा चुकी है। यदि उक्त संपत्ति अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था का कोई स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, विक्रय अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र, बंधक या किसी भी प्रकार का कोई अंतरण हो तो व मुझे इस आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिन की अवधि में अपनी लिखित दस्तावेजों सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त समयावधि निकलने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि की रजिस्ट्री अपने पक्ष में निष्पादित करा ली जावेगी, तत्पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।**

**भवदीय-विजय कुमार लोदवाल अधिवक्ता**
**कार्यालयः ग्राम-फंदा कलां, जिला भोपाल, मो.7470448996**

316

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल
### आम सूचना

अरविन्द विहार बागमुगालिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एच.आई.जी. III, 540 मण्डल द्वारा श्री रंजीत सिंह सोलंकी आत्मज श्री गजराज सिंह सोलंकी के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/03/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 20/03/2025 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती प्रियंका सिंह चौहान पत्नी श्री रविन्द्र पाल सिंह चौहान के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 29/03/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती प्रियंका सिंह चौहान पत्नी श्री रविन्द्र पाल सिंह चौहान के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

317 **संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल
### आम सूचना

अरविन्द विहार बागमुगालिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एच.आई.जी. III, 507 मण्डल द्वारा श्री रमेश कृष्णमूर्ति आत्मज श्री कृष्णमूर्ति एम.आर.के. के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 1030-1036 दिनांक 07/06/2019 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29/04/2019 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती बबिता तिलकवार पत्नी श्री विनोद तिलकवार एवं श्री विनोद तिलकवार आत्मज श्री लालसिंह तिलकवार के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 05/04/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती बबिता तिलकवार पत्नी श्री विनोद तिलकवार एवं श्री विनोद तिलकवार आत्मज श्री लालसिंह तिलकवार के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

318 **संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, तहसील-कोलार, भोपाल

प्र. क्रमांक 0101/अपील/2024-25

### इश्तहार

विवेक पटेल पुत्र श्री दिनकर प्रसाद पटेल, नि. मोह उर्रहट तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र..**अपीलार्थी विरूद्ध** 1. हरिप्रकाश पुत्र श्री सुमत प्रकाश, नि. ओमेगा परिसर आनंद नगर रायसेन रोड भोपाल, 2. दीपक आ. स्व. श्री मूलचंद शर्मा, 3 श्रीमति अर्चना कौशिक पत्नी श्री सुभाषचंद कौशिक निवासीगण ग्राम जाटखेडी तहसील कोलार जिला भोपाल, 4. श्रीमति मंजूला अरोरा पत्नी श्री कमल अरोरा निवासी रीवा म.प्र., 5. श्री तेजपाल पाटीदार आ. केवलराम पाटीदार निवासी ग्राम मुर्गालिया छाप, तहसील हुजूर जिला भोपाल, 6. श्रीमति जैस्मिन कादिर पत्नी श्री सोहेल कादिर निवासी अरेरा कॉलोनी भोपाल, 7. श्रीमति प्रतिमा महालहा पत्नी स्व. प्रदीप कुमार महालहा, 8. प्रियंक महालहा, 9. प्रियेश महालहा, 10. श्रीमति लीना महाले, 11. कुमारी गाथा द्वारा संरक्षिका एवं माता श्रीमति लीना महाले निवासीगण ग्राम जाटखेडी तहसील हुजूर जिला भोपाल...**प्रतिअपीलार्थी। एतद् द्वारा** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में अपीलार्थी पक्ष द्वारा प्रतिअपीलार्थी पक्ष श्री हरिप्रकाश की ग्राम जाटखेडी स्थित भूमि खसरा नम्बर 18/1 रकवा 0.405 हेक्टेयर के रास्ता विवाद के संबंध में अधिनस्थ न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक 0008/अ-13/2024-2025 में पारित आदेश दिनांक 19/12/2024 से दुखी एवं व्यथित होकर अपील अंतर्गत धारा 44 (1) म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत की गई है। प्रकरण न्यायालयीन प्रक्रिया में विचाराधीन है। प्रकरण में प्रतिअपीलार्थी पक्ष क्रमांक 01, 05, 06, 07, 08, 09 का पता अज्ञात होने से समंस जारी नहीं हो सका। अतः इस संबंध में प्रतिअपीलार्थी/ किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने से पेशी दिनांक 14/05/2025 को इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर जबाब/आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी,तहसील-कोलार, भोपाल**

319


## आपका राशिफल 02 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। सभा-गोष्ठियों में मान सम्मान बढ़ेगा। शुभांक 2 4 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग दौड़ रहेगी। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक 2 4 6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना है। शुभांक 3 5 7

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते) — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — आपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक 2 6 9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6